संक्षिप्त

हादसे में एक की मौत

भरतपुर, (निसं)। सेवर थाना क्षेत्र में बांसी के समीप ट्रक की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के शव को जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं घायल को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद निवासी धर्मवीर अपने साथी बारोल गांव निवासी रामनरेष के साथ किसी काम से जयपुर जा रहे थे। जहां रास्ते में बांसी के पास किसी ट्रक की टक्कर में रामनरेश की मौत हो गई। वहीं उसका साथ धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर हाइवे पुलिस टीम ने रामनरेष व धर्मवीर को जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचाया। जहां चिकित्सकों ने रामनरेश को मृत घोषित कर दिया।

पं. इन्दौरिया की भविष्यवाणीसटीक

कोटपूतली। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम को लेकर ग्राम राजनौता निवासी हाल कोटपूतली कस्बे के वैशाली नगर निवासी जय श्री महाकाल ज्योतिषी पं. राहुल इन्दौरिया की भविष्यवाणी सही साबित हुई है। उल्लेखनीय है कि पं. राहुल इन्दौरिया ने कोटपूतली से भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल, विराटनगर से भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड, बानसूर से भाजपा प्रत्याशी देवीसिंह शेखावत, जमवारामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र पाल मीणा सहित शाहपुरा से कांग्रेस प्रत्याशी मनीष यादव व मुण्डावर से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के विजयी होने की भविष्यवाणी की थी। इतना ही नहीं करीब 6 माह पूर्व ही शास्त्री ने राजस्थान से कांग्रेस की विदाई व भाजपा की प्रचन्ड जीत की घोषणा की।

अन्नकूट महाप्रसादी हुई

गंगापुर सिटी, (निसं)। निशक्तजन जागरण मंच के तत्वाधान में विश्व विकलांग दिवस व मंच का स्थापना दिवस पंचायत समिति परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विकलांग विधवा महिलाओ को गर्म शॉल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी दिव्यांग जनो को अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

विधायक कुलदीप धनकड़ ने निकाली भगवा रैली

पावटा । विधानसभा चुनाव मे विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड की ऐतिहासिक जीत के बाद मतगणना स्थल के बाहर भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड ने भाजपा समर्थकों, कार्यकर्ताओ सहित मतदाताओ का आभार व्यक्त किया। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड ने जीत के बाद क्षेत्र मे प्रथम आगमन पर मनोहरपुर टोल भारी संया मे पहुँचे भाजपा समर्थकों, कार्यकर्ताओ सहित आमजन ने माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। जीत के साथ ही भाजपा समर्थकों, कार्यकर्ताओ सहित मतदाताओ मे उत्साह व उल्लास छा गया। वही स्वागत के दौरान की गई जोरदार आतिशबाजी व पुष्प वर्षा के साथ दीपावली व होली एक साथ मनाई। वही उन्होंने लोगों के भरोसे को कायम रखने का वादा किया।

■ जीत की खुशी में भाजपाइयों सहित क्षेत्र के लोगों ने मनाई दीपावली

भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड़ का क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया।

वही विजय एवं धन्यवाद जुलूस मनोहरपुर से शुरू होकर शाहपुरा, आंतेला, भाबरु, अलवर तिराहा, बिलवाडी होते हुए विराटनगर गणेश मंदिर पहुँचा। जहाँ भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड ने भगवान गणेश जी के धोक लगाकर विराटनगर क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहाँ कि धन्यवाद विराटनगर पवित्र भूमि की देवतुल्य जनता का हृदयतल से आभार जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर पुन: विश्वास जताया। यह विजय मातृशक्ति, युवाशक्ति और वरिष्ठजनों के भाजपा सरकार पर अटूट विश्वास का प्रमाण है। इस चुनाव में विराटनगर विधानसभा की समानित जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओं पर मुहर लगाई है। राष्ट वाद, लोककल्याण एवं सुशासन को समर्पित यह ऐतिहासिक जीत विराटनगर क्षेत्र के चहुमुंखी विकास का नया अध्याय लिखेगी। इसके बाद वो पावटा कस्बे मे पहुँचे जहाँ उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद प्रागपुरा कस्बे के सुभाष चौक पहुँचे जहाँ भाजपा भाजपा समर्थकों, कार्यकर्ताओ सहित आमजन ने भगवा रैली निकाल ढोल-नगाडे बजाकर जीत का जश्न मनाया। जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता भगवा ध्वज लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्री राम, मोदी-मोदी, योगी-योगी, कुलदीप धनकड जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पूरा कस्बा कार्यकर्ताओं के नारों से गूंजता रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं का कस्बे में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। रैली प्रागपुरा कस्बे के मुय सर्विस रोड से शुरू होकर कस्बे के मुय मार्गो से होते हुए प्रागपुरा स्थित सुभाष चौक पर संपन्न हुई। भाजपा नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड ने जनता को संबोधित किया।

24 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

श्रीमाधोपुर । अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर की निर्वाचन समिति के संयोजक एडवोकेट झाबरमल जाजोद ,सहसंयोजक एडवोकेट अजय कुमार हरितवाल व एडवोकेट अभिषेक कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर के होने वाले चुनाव के लिए 2 व 4 दिसंबर को विभिन्न पदों के लिए 24 प्रत्याशियों ने चुनाव समिति के समक्ष अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। जिनमें अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट तेज सिंह शेखावत , विमल कुमार शर्मा , मुकेश कुमार शर्मा ,रामावतार सैनी द्वितीय, सांवरमल महला, धूडसिंह रोलानिया, श्रवण कुमार यादव व सुरेश कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट अशोक कुमार यादव ,अरविंद कुमार शर्मा व सुरेश कुमार जांगू , महासचिव पद के लिए एडवोकेट सुभाष यादव व राकेश कुमार जांगिड़ , संयुक्त सचिव पद के लिए एडवोकेट पूरणमल सांखला व नरेश कुमार शर्मा , कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा व हनुमान राम, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर एडवोकेट महेंद्र सिंह खर्रा, कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदो के लिए एडवोकेट सोहन सिंह कलवानिया, मुकेश कुमार दूधवाल, प्रकाश चंद्र बाजिया ,धर्मेंद्र सिंह सामोता, निखिल शर्मा व बजरंग लाल यादव शामिल है। नामांकन पत्रों की वापसी 5 दिसंबर को शाम 4 बजे तक होगी।

सार-समाचार

ऊनी वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरे खिले

शाहपुरा । शाहपुरा उपखंड के ग्राम बिदारा में सोमवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए सर्दी से बचाव के लिए समाजसेवी सुवालाल मीणा की प्रथम पुण्यतिथि स्मृति में संजय मीणा, सीताराम मीणा, निक्की मीणा सहित परिजनों द्वारा बिदारा मोड़ स्थित कच्ची बस्तियों में 30 ऊनी वस्त्र वितरण किए गए। पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन जोशी ने कहा कि अगर जीवन में अगर आपको आगे बढ़ना है तो त्याग और देने की भावना अगर आप लोगों में होगी तो जीवन में कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखोगे। इसलिए हमे जीवन में त्याग ओर दान की भावना रखनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर ने समाजसेवी सुवालाल मीणा की प्रथम पुण्यतिथि पर परिजनों द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की प्रसन्नता करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रकाश रैगर, हरि मीणा, कैलाश व्यास, अनिल शर्मा, इन्द्राज मीणा सहित परिजन उपस्थित रहे।

कलश यात्रा का स्वागत

भरतपुर, (निसं)। एकल श्री हरि बनवासी विकास ट्रस्ट भरतपुर इकाई की ओर से जोधपुर से चलकर संत संदीपनी महाराज पवित्र घी पांच रथों में 108 कलश द्वारा चलकर हमारे भरतपुर शहर में पधारे, समस्त हिंदू समाज के लिए अत्यंत सुखद तथा गौरव का विषय है कि पांच सौ वर्षों के सतत संघर्ष तथा लाखों, करोड़ों रामभक्तों के बलिदान के पश्चात् प्रभु श्री रामचंद्र जी अपने घर श्री अयोध्या जी में आ रहें हैं। हम सभी परम् सौभाग्यशाली हैं कि अपने जीवन में इस कार्य को पूर्ण होता देख रहें हैं। श्री राम लला विराजमान, अयोध्या जी के लिए पिछले 20 वर्षों से भारतीय गौ माता का घी जोधपुर के संत संदीपनी महाराज एकत्रित कर रहे थे। हम सभी भरतपुरवासियों का सौभाग्य है कि इन पवित्र रथों के दर्शन का पुण्य लाभ यात्रा में हमे प्राप्त हुआ जिनका कि सभी को स्वागत, पुष्प वर्षा एवं आरती कर राम नाम के जयकारों के साथ स्वागत किया एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने गणेश जी को माल्यार्पण कर दीप जलाकर आरती की सभी ने मिलकर पांचों रथों का पूजन किया। इस अवसर पर शंकरलाल गुप्ता, मनोज तिवारी, नरेश खण्डेलवाल सिद्धार्थ फौजदार, प्रहलाद बंसल, सर्वेश शर्मा, हुक्म सिंह,परसुराम शर्मा, सुनील मित्तल, ऋषि गर्ग, भारत भूषण अग्रवाल, होमचन्द कंसलपूरन मित्तल, देवेन्द्र बंसल, सक्षम गर्ग, महिला अध्यक्ष शोभा कंसल, सरोज गर्ग, ऋतु गर्ग, विनीता गुप्ता, वेदवती आर्य सुषमा गोयल आदि लोग उपस्थित हुए।

समीक्षात्मक बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी की समीक्षात्मक बैठक जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गयी। जिसमें प्रत्येक विधानसभा का बिन्दूवार मंथन किया गया उक्त बैठक में जिले में बूथ व विधानसभा स्तर पर प्राप्त किये गये वोटो के बारे में चर्चा की गयी। समीक्षात्मक बैठक में प्रदेष मंत्री श्री गिरधारी तिवारी जी ने कहा कि भरतपुर जिले के परिणाम अति उत्साहित है। तथा जनता का मन भाजपा के प्रति पूर्व रुपेण जुड़ गया है। इसी प्रकार प्रदेष मंत्री भानूप्रताप राजावत ने कहा कि जनता भाजपा के संग जुड़ चुकी है और अब लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत निष्चित है। उक्त समीक्षात्मक बैठक में जिला प्रभारी श्री गोवर्धन सिंह जादौन ने कहा कि भरतपुर जिले में कार्यकर्ताओं की जो मेहनत रहीं व अविष्वर्णीय निष्चित ही लोकसभा चुनाव में भाजपा भरतपुर से जीतेगी जिला महामंत्री श्री मोहन रारह ने सदन में प्रत्येक विधानसभा के बूथ पर आये मतों का विवरण पेष किया भरतपुर विधानसभा में हार के कारणों के बारे में चर्चा की गयी और उक्त बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, जिला प्रवक्ता अशोक सिंघल, अनिल गोयल, आषीश खण्डेलवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तनाव मुक्त रहने के दिए टिप्स

श्रीमाधोपुर । स्थानीय श्री आदर्श महिला बी एड कॉलेज व श्री लाल बहादुर शास्त्री कन्या पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में सेमीनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बाबूलाल सैनी के ने बताया कि सेमिनार का विधिवत शुरुआत संस्थान के निदेशक जितेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र अरोड़ा आईआईएम कोलकाता रहे जो वर्तमान में पोद्दार बिजनेस स्कूल जयपुर में डायरेक्टर के पद पर कार्य करते हैं। डॉ. अरोड़ा ने छात्राओं को तनाव मुक्त रहने के उपाय बताएं और तनाव मुक्त रहकर किस प्रकार स्किल डेवलपमेंट किया जा सकता है, के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एलबीएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सैनी ने बताया कि उनके सहयोगी मुकेश तेतरवाल बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर ने भी संबोधित किया। निदेशक जितेंद्र शर्मा ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवक्ता बहादुर सिंह महला, मुकेश शर्मा, सुशीला जांगिड़, प्रियंका शर्मा, राजकुमार वर्मा, सुरेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष पद पर 3 उम्मीदवार शेष

कोटपूतली । स्थानीय अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद पर 3 व उपाध्यक्ष पद पर 2 उम्मीदवार मैदान में रहे। जबकि सचिव व कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।

मुख्य चुनाव अधिकारी जितेन्द्र कुमार रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर नाम वापसी के बाद इन्द्रपाल यादव, उदयसिंह तंवर व दयाराम गुर्जर चुनाव मैदान में शेष है। जबकि उपाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार यादव व सतीश कुमार हाडिया के बीच चुनाव होगा। सचिव पद पर अनिल कुमार मीणा व अंकित स्वामी की नाम वापसी के बाद हेमंत शर्मा को निर्विरोध सचिव निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर नवीन कुमार सैनी, राजेश कुमार गुर्जर, अनिल कुमार मीणा द्वारा नाम वापसी के बाद ज्योति शर्मा को निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान 08 दिसम्बर को प्रात: 10 से सायं 04.30 बजे तक होगा। जिसके बाद मतगणना कर परिणाम जारी किये जायेगें। वहीं अभिभाषक संघ की चुनाव प्रक्रिया के चलते कई अधिवक्ता चुनाव लड़ रहे है एवं कई अधिवक्ता समर्थक के तौर पर प्रक्रिया में भाग ले रहे है। ऐसे में मतदान दिवस 08 दिसम्बर तक न्यायालयों में न्यायिक कार्य स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। मतदान दिवस के दिन भी न्यायालय में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं होगा।

हेमंत शर्मा सचिव व ज्योति शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए।

श्रीमाधोपुर में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे : झाबर सिंह खर्रा

श्रीमाधोपुर । विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी झाबर सिंह खर्रा के विजेता होने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। भाजपा प्रत्याशी तथा नवनिर्वाचित विधायक झाबर सिंह खर्रा के सीकर से श्रीमाधोपुर पहुंचने पर भेरुजी मोड रींगस से पैतृक गांव भारणी तक डीजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया।

भाजपा प्रत्याशी झाबर सिंह खर्रा चुनाव जीतने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता श्रीमाधोपुर से भय वअराजकता के माहौल को समाप्त कर सबसे बड़ी पेयजल समस्या का समाधान करवाना रहेगी और श्रीमाधोपुर में नए विकास के कार्यों को करवाया जाएगा। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया कि उनकी दिन-रात की मेहनत और लगन के साथ वह मैदान में डटे रहे व प्रयास के साथ उनकी मेहनत सकारात्मक परिणाम लेकर आई। कांठोस सरकार ने जनता को झूठे प्रलोभन देकर चुनाव लड़ा लेकिन उन्होंने मोदी जी की गारंटी व भाजपा पर विश्वास जताकर राजस्थान में फिर से एक बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाई है जिसके लिए उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं को अपनी ओर से भी शुभकामनाएं प्रेषित की। सोमवार सुबह झाबर सिंह खर्रा देव दर्शन के लिए तीर्थस्थल त्रिवेणी धाम पहुंच कर पूज्य संत नारायण दास जी महाराज की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पितकर हुए उनके पद चिन्हों के आगे नतमस्तक हुए। वहीं आश्रम में महाराज श्री का आशीर्वाद भी लिया।

गौरतलब है कि इस बार बीजेपी पार्टी के झाबरसिंह खर्रा ने जीत हांसिल की हैं। उन्होंने कांठोस पार्टी के दीपेन्द्र सिंह शेखावत को 14459 वोट से हराया। बीजेपी प्रत्याशी झाबर सिंह खर्रा को 81080 वोट मिले, वही निकटतम प्रतिद्वंदी दीपेंद्र सिंह शेखावत को 66621 वोट मिले। कांग्रेस के बागी व निर्दलीय प्रत्याशी बलराम यादव 41588 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे।

श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी झाबर सिंह खर्रा के विजेता होने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

मोतियाबिंद जांच शिविर कल

श्रीमाधोपुर । जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा राजेंद्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 6 दिसंबर को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में "51 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर" का आयोजन किया जाएगा।

रोटरी क्लब के गिर्राज कयाल ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रैफर किया जाएगा। जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की संपूर्ण व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी।

अलवर में सभी 12 महिला प्रत्याशी चुनाव हारी

अलवर। अलवर जिले में विधानसभा चुनाव 2023 की सभी 12 महिला प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सकी। जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में अलवर जिले से दो महिला विधायक चुनकर गई थी।

अलवर जिले में विधानसभा चुनाव 2023 की सभी 12 महिला प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सकी। जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में अलवर जिले से दो महिला विधायक चुनकर गई थी। जिसमें एक राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री भी बनी। अलवर जिले की 11 विधानसभा सीटों में कुल 27 लाख 38 हजार 779 लाख मतदाता हैं। जिनमें 14 लाख 48 हजार 393 पुरुष मतदाता हैं। वहीं, महिला मतदाताओं की संख्या 12 लाख 90 हजार 386 है। यहां भाजपा ने अलवर में एक भी महिला मौका नहीं दिया।

कांग्रेस और बसपा ने 2-2 तथा आप, असपा और सपा ने एक-एक महिला प्रत्याशी मैदान में उतारी। इसके अलावा 5 महिला प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़ी थी। किशनगढ़बास सिमरत कौर - बसपा मुंडावर रेखा चौधरी - निर्दलीय अनिता चौधरी - आप डॉ. अंजलि यादव - असपा बानसूर शकुंतला रावत - कांग्रेस नीता बाई - निर्दलीय थानागाजी श्वेता - सपा अलवर ठामीण निशा देवी - निर्दलीय मीना कुमारी - निर्दलीय अलवर शहर नेहा शर्मा - बसपा राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ शीला मीणा - निर्दलीय कठूमर संजना जाटव - कांग्रेस कठूमर से कांठोस प्रत्याशी संजना जाटव और भाजपा प्रत्याशी रमेश खींची के बीच कांटे का मुकाबला रहा। अंतिम राउंड तक दोनों के बीच कड़ी टक्कर रही। अंत में संजना जाटव चुनाव हार गईं, लेकिन उनकी हार-जीत का अंदर मात्र 409 वोटों का रहा। बानसूर से कांग्रेस प्रत्याशी शकुंतला रावत का ये तीसरा चुनाव था।

सेमिनार का आयोजन

श्रीमाधोपुर । कस्बे के जीडीएमएल पटवारी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में पोद्दार बिजनेस स्कूल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में करियर ओरिएंटेड सेमिनार का आयोजन मुख्य वक्ता निदेशक डॉक्टर देवेंद्र अरोड़ा, मुकेश तेतरवाल, सचिव प्रियाशरण पटवारी व प्राचर्या डॉक्टर सुमित्रा गुप्ता के कर कमल द्वारा मां सरस्वती का पूजा अर्चन के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता अरोडा द्वारा रामायण के मुख्य बिंदुओं का अनुसरण करते हुए साथ में उन्होंने माता सीता की खोज में भारत से श्रीलंका तक समुद्र पार करते समय सुरसा राक्षसी का उदाहरण लिया दूसरा उदाहरण राम सेतु पुल का निर्माण करना छात्रों को जीवन कौशल के विकास हेतु धैर्य व शक्तियों को भगवान राम, सीता, हनुमान पत्रों स्वयं के जीवन में उतारने का प्रयत्न करना चाहिए। कार्यशाला के माध्यम से टीम भावना के साथ, छात्रों को दो टीमों में विभाजित किया। कई छात्राओं ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई तथा पुल निर्माण करना अर्थात सफलता प्राप्त करने के गुर सिखाएं।छात्राओं से संबंधित विषय पर प्रश्नोत्तरी रखी गई।

मालपुरा में कांग्रेस की गुटबाजी इस बार भी रही हार का कारण

मालपुरा (निस) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार की सात गारंटी व मालपुरा को दी गई जिले की सौगात के बावजूद मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पदाधिकारी 33 साल बाद भी अपने ही बुथो से कांग्रेस को जिताने मे नाकाम रहै। तो कांग्रेस के पदाधिकारियो व ठेकेदारो के बुथों पर ही भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी की कडी मेहनत पर पानी फेर भाजपा का कमल खिलाते हुए लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक बना कांग्रेस की हार को बरकरार रखा।

विधानसभा चुनाव परिणामों में 22 राउंड में हुई 274 बुथो की मतगणना के आंकडो पर नजर डाले तो मालपुरा से तीन बार कांग्रेस विधायक बने व इस बार कांग्रेस प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतो से जीत दिलाने का दावा करने वाले डॉ. सुरेन्द्र व्यास के बुथ नम्बर 15० भाजपा को 459 व कांग्रेस को महज 149 मत मिले। तो निर्दलीय को 143 मत प्राप्त हुये। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट के बुथ नम्बर 123 पर भाजपा को 273 व कांग्रेस को महज 92 मत ही प्राप्त हुये। जबकि निर्दलीय गोपाल गुर्जर को 665 मत मिले। कांग्रेस टिकट के दावेदार भंवर मुवाल के टोरडी बुथ नम्बर 18० पर भाजपा को 622 व कांग्रेस को 293 मत मिले। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता कैलाश गुर्जर के सदरपुरा बुथ नम्बर 87 पर भाजपा को 417 तो कांग्रेस को महज 184 जबकि निर्दलीय को 239 मत मिले। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा के पचेवर बुथ नम्बर 62 पर भाजपा को 6०3 व कांग्रेस को महज 322 मत मिले। महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष व तीन बार मालपुरा नगरपालिका की कांग्रेस से अध्यक्ष रही आशा नामा की पुत्रवधु रेखा नामा की बृजलाल नगर पंचायत से भाजपा को 2136 व कांग्रेस को महज 1०5 मत प्राप्त हुये जबकि निर्दलीय को 1०76 वही पूर्व मंत्री डॉ. चन्द्रभान के बैहद करीबी व कांग्रेस के जिला पदाधिकारी पूर्व सरपंच सुरेश शर्मा के बुथ से भाजपा को 432 व कांग्रेस को महज 199 जबकि निर्दलीय को 143 मत मिले। वही चन्द्रभान के करीबी व कृपा पात्र गोविन्द चौधरी के बुथ से कांग्रेस को महज 19० मत मिले। जबकि भाजपा को 452 व निर्दलीय को 1०1 मत मिले। भाजपा छोड कांग्रेस मे शामिल हुये रिंडलिया सरपंच पति व भाजपा के पूर्व पार्षद मनोज सैनी की पंचायत के बुथ से भाजपा को 4०० से एक भी वोट अधिक नही मिलने के दावे की हवा निकली। इनके बुथ से कांग्रेस को 4०० व भाजपा को 4०8 मत मिले।

मालपुरा पंचायत समिति के उपप्रधान व कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार रामबिलास चौधरी के करीबी मूलशंकर शर्मा के निवास वाले बुथ से कांग्रेस को महज 241 व भाजपा को 61० व दुसरे बुथ से कांग्रेस को 26० जबकि भाजपा को 457 मत प्राप्त हुये। कांग्रेस टिकट के दावेदार व सचिन पायलट के करीबी घनश्याम गुर्जर के पचेवर बुथ से कांग्रेस को 322 जबकि भाजपा को 6०3 मत मिले। मालपुरा को जिला बनाओं आंदोलन व कोर कमेटी के मुखिया के साथ-साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मैनेमेन्ट कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी के इंदोली पंचायत के प्रतापपुरा जाटान के बुथ नम्बर 169 मे भाजपा को 429 रिकॉर्ड मत मिले जबकि कांग्रेस को महज 112 तो निर्दलीय को 131 मत मिले। 33 साल से हार रही कांग्रेस को इस बार जीत दिलाने के लिए घासीलाल चौधरी ने टिकट लेने से लेकर मतदान तक जीं तोड मेहनत की लेकिन कांग्रेस पार्टी के ठेकेदार बने बैठे तथा महत्वपूर्ण पदो पर काबिज होने के साथ-साथ जनप्रतिनिधि का लुप्त उठा रहै नेता व पदाधिकारियो की निष्क्रियता तो पार्टी की गुटबाजी ने कांग्रेस को इस बार भी करारी हार दिलाई है। घासीलाल व निर्दलीय गोपाल गुर्जर ने सोमवार को सोशल मिडिया के जरिए क्षैत्र की जनता व उनके पक्ष मे मतदान करने वाले मतदाताओं का आभार जत्ता संगठन के लिए काम करने व जनता के बीच रहकर सुख-दुख मे शामिल होने का विश्वास दिलाया। सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी व समर्थक हार के कारणो पर मंथन करते रहै। तो भाजपाई जीत का जश्न मनाते रहै।

भाजपा के विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कार्यकर्ताओ के बीच पहुंच आभार जताया।

भागवत कथा 13 दिसम्बर से

हलैना, (निसं)। अग्रवाल समाज एवं सर्व सनातन धर्म के द्वारा डॉ. गुणप्रकाश चेतन्य महाराज एवं समर्थ त्रंबकेश्वर महाराज के सानिध्यं में गांधीधाम स्थित ओसलो अम्बाजी मन्दिर पर छह वर्ष बाद 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक 100 कुंडलीय श्रीशक्ति पंचयातन महायज्ञ, श्रीमद भागवत कथा, काशी दिव्य आरती, महारास लीला आदि धार्मिक कार्यक्रम होगें। जिसकी तैयारियां जारी है और यज्ञशाला का विशाल पांडाल बन कर तैयार हो गया।

किरण ग्रुप गांधीधाम के चेयरमेन व उद्योगपति रमेशचन्द गुप्ता भाई,यज्ञ आयोजन समिति के पदाधिकारी संजय गर्ग व नन्दुभाई गोयल ने बताया कि श्री अग्रवाल सेवा समिति एवं सर्व सनातन समाज के द्वारा गांधीधाम के ओसलों अम्बे मां मन्दिर (मां जगदम्बा के आंगन) में 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक 100 कुंडलीय श्रीशक्ति पंचयातन महायज्ञ,श्रीमद भागवत कथा,काशी दिव्य आरती,महा रासलीला आदि धार्मिक कार्यक्रम होगे। इस यज्ञ में पंच देवों का पूजन सभी यजमानों के द्वारा होगा ।